नवभारत

# डॉक्टरों ने की राजधानी जाम

## वादाखिलाफी पर भड़के, प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बरसाए डंडे, हड़ताल का निर्णय





नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 सितंबर. इंटर्न डॉक्टरों द्वारा सोमवार को स्टाइपेंड वृद्धि के लिए राजधानी में जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान हमीदिया अस्पताल के परिसर से दोपहर 12 बजे रैली निकाल रहे इंटर्न डॉक्टरों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि पुलिस ने डॉक्टरों पर लाठी चार्ज और वाटर कैनन का उपयोग कर उनके साथ बर्बरता की. जिसमें कई इंटर्न डॉक्टर घायल भी हुए.**



**नियमित ओपीडी सेवायें रहेंगी स्थगित**

इंटर्न डॉक्टरों ने प्रशासन की बैरीकेंडिंग को तोड़ते हुए शाम करीब 6 बजे तक कमला पार्क स्थित दरगाह तक पहुंच कर भारी संख्या में प्रदर्शन पर बैठ गए. इस बीच 4 एंबुलेंस भी ट्रैफिक में घंटों तक फंसी रही. बता दें पिछले डेड़ महीने पहले भी कई दिनों तक प्रदर्शन करने के बाद सरकार द्वारा एक महीने में इंटर्न डॉक्टरों के हित में फैसला लेने बात कही गई थी. लेकिन डेढ़ महीने बीतने के बाद भी इस विषय पर कोई निर्णय नहीं लिया गया. जिसके कारण इंटर्न डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की लिए रैली निकाली, लोकिन सुबह से ही हमीदियाअस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल की तैनाती कर डॉक्टरों को रोकने की कोशिश की गई. वहीं इंटर्न डॉक्टरों के साथ हुई इस घटना के बाद जूनियर डॉक्टर एशोसिएसन (जूडा) ने अस्पताल में नियमित ओपीडी सेंवायें स्थगित करने का फैसला लिया है.

### इनका कहना है

इंटर्न डॉक्टरों पर लाठी चार्ज का उपयोग नहीं किया गया. उनको सीएम हाउस तक जाने से रोकने के लिए केवल वाटर कैनन का उपयोग किया गया था.

**अनिल बाजपेयी**, एसीपी, शाहजहांनाबाद, भोपाल

### मध्यप्रदेश में सबसे कम स्टाइपेंड मिलता है

इंटर्न डॉक्टरों के अनुसार उनको दिया जाने वाला 14 हजार रुपये का स्टाइपेंड पूरे देश में सबसे कम है. जिसे बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग की जा रही है. डॉक्टरों का कहना है उत्तर प्रदेश और जम्मू कश्मीर जैसे राज्यों में भी स्टाइपेंड को बढ़ाकर 25,000 रुपये करने की धोषड़ा कर दी गई है. लेकिन मप्र अब भी इस मामले में सबसे पीछे है. प्रदर्शनकारी इंटर्न डॉक्टरों ने कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और लिखित निर्णय नहीं लिया जाता, उनका यह आंदोलन जारी रहेगा.

# इंदौर, जबलपुर की हवा साफ

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में दूसरा व तीसरा स्थान बनाया

- 130 शहरों के बीच लखनऊ में सबसे स्वच्छ हवा
- भोपाल के एक वार्ड की हवा निकली साफ सुथरी



**नई दिल्ली, 7 सितंबर. देश में स्वच्छ हवा के लिए किए जा रहे प्रयासों में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने बाजी मारी है. 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार' में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ ने पहला स्थान हासिल किया. मध्यप्रदेश के इंदौर को दूसरा और जबलपुर को तीसरा स्थान मिला.**

'नीले गगन के लिए स्वच्छ हवा के अंतर्राष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर नई दिल्ली स्थित पर्यावरण भवन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों और वार्डों को सम्मानित किया गया. पुरस्कार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार ने प्रदान किए. यह सर्वेक्षण केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' के तहत कराया जाता है. इसके जरिए देश के 130 शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने किए जा रहे प्रयासों का मूल्यांकन किया जाता है.

### अलग-अलग आबादी के हिसाब से तीन श्रेणियां

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में शहरों को आबादी के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया. तीन से 10 लाख आबादी वाले शहरों में ओडिशा का राउरकेला पहले, उत्तर प्रदेश का फिरोजाबाद दूसरे और आंध्रप्रदेश का गुंटूर तीसरे स्थान पर रहा. वहीं तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में ओडिशा के कलिंग नगर ने पहला स्थान हासिल किया. वार्डों के लिए भी अलग-अलग आबादी के आधार पर मूल्यांकन किया गया. 10 हजार से 30 हजार आबादी वाले वार्डों में भुवनेश्वर के वार्ड नंबर-30 और 36 शीर्ष पर रहे. विजयवाड़ा का वार्ड नंबर-60 और प्रयागराज का वार्ड नंबर-31 भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों में शामिल रहे.

### इंदौर दूसरे, जबलपुर तीसरे पायदान पर

10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ पहले स्थान पर रहा. इंदौर ने दूसरा और जबलपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया. इस श्रेणी में शहरों के वायु प्रदूषण को कम करने, प्रदूषण के स्रोतों पर नियंत्रण और स्वच्छ हवा के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों के आधार पर मूल्यांकन किया गया.

### भोपाल का वार्ड देश में दूसरे नंबर पर

सर्वेक्षण में भोपाल के लिए भी बड़ी उपलब्धि सामने आई है. 30 हजार से अधिक आबादी वाले देश के 10 सर्वश्रेष्ठ वार्डों में भोपाल का वार्ड नंबर-60 दूसरे स्थान पर रहा. इस श्रेणी में लखनऊ के वार्ड नंबर-70 ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि नासिक का वार्ड नंबर-7 तीसरे स्थान पर रहा.

**पीएम-10 और पीएम-2 .5 पर फोकस :** एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पुरस्कार उन शहरों और वार्डों के प्रयासों को मान्यता देने का अवसर हैं, जिन्होंने पीएम-10 और पीएम-2 .5 जैसे प्रदूषकों के स्तर को निर्धारित सीमा तक लाने के लिए काम किया है. उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बुनियादी जरूरत है. उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण किसी शहर, राज्य या राजनीतिक सीमा तक सीमित नहीं रहता. इसके स्रोत भी अलग-अलग हैं, जिनमें वाहनों से होने वाला प्रदूषण, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण व तोड़फोड़ से निकलने वाला धूल-कचरा शामिल है. इसलिए प्रदूषण कम करने के लिए अलग-अलग स्रोतों पर एक साथ काम करना जरूरी है.

## एक नजर में

### तकनीकी खराबी के चलते इंडिगो की फ्लाइट रद्द

**जबलपुर.** डुमना एयरपोर्ट पर सुबह हैदराबाद से जबलपुर होकर इंदौर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते रद्द कर दी गई. फ्लाइट के अचानक कैंसिल होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. कई यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बदलनी पड़ी, जबकि कुछ यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों के जरिए इंदौर भेजने की व्यवस्था की गई. हैदराबाद से उड़ान भरने के बाद इंडिगो की फ्लाइट निर्धारित समय पर जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंची थी.

### बहन को बचाने कुएं में कूदा भाई, दोनों की मौत

**शहडोल.** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में कुएं में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई. घटना रविवार की देर शाम ग्राम भमरहा-दो की है. जानकारी के अनुसार, 13 साल की शिवानी गोंड घर के पास स्थित कुएं में नहाने गई थी. पानी निकालते समय उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गई. बहन को डूबता देख उसका 14 साल का भाई अमित सिंह गोंड उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गया. हादसे में दोनों की डूबने से मौत हो गई.

### ईओडब्ल्यू डीजी उपेन्द्र जैन हाईकोर्ट में तलब

**जबलपुर.** हाईकोर्ट ने रायसेन के चर्चित साइकिल घोटाले में चार्जशीट दाखिल करने में हुई लंबी देरी पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया है. न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनीन्द्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने ईओडब्ल्यू के डायरेक्टर जनरल उपेन्द्र जैन को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं. हाई कोर्ट ने डीजी द्वारा पेश हलफनामे पर असंतोष जताते हुए सवाल किया कि वर्ष 2021 में अभियोजन स्वीकृति मिलने के बावजूद चार्जशीट दाखिल करने में वर्षों की देरी क्यों हुई.

# कार पेड़ से टकराई, 4 युवकों की मौत

## रायसेन जिले के देवटिया में भीषण हादसा, एक घायल भोपाल रेफर

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 7 सितंबर. जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर नूरगंज थाना ग्राम देवटिया के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में कार में सवार 4 युवकों की मौत हो गई, एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे भोपाल रेफर किया गया है.**



हादसा रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 12 से एक बजे के बीच हुआ. ओबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि नूरगंज थानांतर्गत ग्राम देवटिया निवासी पांच युवक अपनी कार से बीती रात ओबेदुल्लागंज से अपने गांव देवटिया वापस जा रहे थे. उनकी तेजरफ्तार कार ग्राम देवटिया के पास सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई. हादसे में कार में सवार गौरव नागर पिता मनोज कुमार नागर (20), शुभम नागर पिता राधेश्याम नागर (21), कृष उर्फ कशिश नागर पिता रवि नागर (21) की घटना स्थल पर मौत हो गई.

# गर्भवती महिला और पति से अमानवीय बर्ताव

- 4 पुलिस कर्मी तत्काल सस्पेंड
- पीड़िता को खाट पर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे परिजन

नवभारत न्यूज .

**बालाघाट, 7 सितंबर. जिले के किरनापुर थाना पुलिस पर गर्भवती महिला को चोरी का झूठा आरोपी बनाकर उसके साथ बेरहमी पूर्वक मारपीट करने का आरोप लगा है.**



सोमवार को घायल महिला के परिजन महिला को खाट पर लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, तो हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक मौके पर पहुंचे और उन्होंने मार से कराह रही महिला को तत्काल ही उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया.

यहां पर ही जिले के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा भी पहुंचे, जिन्होंने किरनापुर थाना के मारपीट की वारदात के समय उपस्थित 4 स्टाफ को तत्काल ही प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है.

### पोस्ट ऑफिस में हुई थी चोरी

किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिमकीटोला निवासी कैलाश चौधरी ने बताया किं उसकी पत्नी सावित्री चौधरी 30 वर्ष दो माह की गर्भवती है. दो सितंबर को पोस्ट ऑफिस में चोरी हुई थी, जिस पर किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा लगाए गए झूठे आरोप के आधार पर उसे व उसकी पत्नी को पुलिस ने घर से उठाया और बिना किसी ठोस व स्पष्ट कारण के थाना लेकर आई.

**13 राज्यों में साइबर ठगी :** अंडे का ठेला लगाने वाला और निजी कर्मचारी गिरफ्तार

# यूको बैंक में एक म्यूल खाते में 5 करोड़ का खेल

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 7 सितंबर. यूको बैंक के एक म्यूल खाते में 5 करोड़ से अधिक का संदिग्ध लेन-देन सामने आया है. खाते का कनेक्शन देश के 13 से ज्यादा राज्यों में दर्ज साइबर ठगी की दर्जनों शिकायतों से मिला है.**



क्राइम ब्रांच ने मामले में महू में अंडे का ठेला लगाने वाले दीपक राव और लसूडिया क्षेत्र में रहने वाले निजी कर्मचारी गौरव राठौर को गिरफ्तार किया है. क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि महू स्थित यूको बैंक शाखा का खाता साइबर ठगी की रकम के लेन-देन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था. खाते से तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, गोवा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित कई राज्यों में दर्ज साइबर अपराध की शिकायतों का लिंक मिला है. जांच में पता चला कि दीपक राव ने अपना बैंक खाता म्यूल अकाउंट के रूप में गौरव राठौर को उपलब्ध कराया था. खाते से जुड़ी सिम भी गौरव के पास थी, जिस पर बैंक के ओटीपी आते थे.

### म्यूल अकाउंट में खाता और सिम दोनों अहम...

साइबर ठगी में बैंक खाता और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर दोनों महत्वपूर्ण कड़ी बन सकते हैं. म्यूल अकाउंट के जरिए ठगी की रकम प्राप्त कर उसे दूसरे खातों में ट्रांसफर किया जाता है. वहीं खाते से जुड़ी सिम दूसरे व्यक्ति के पास होने पर उस पर आने वाले ओटीपी और बैंकिंग अलर्ट का इस्तेमाल लेन-देन के लिए किया जा सकता है. इसी वजह से साइबर ठगी की जांच में बैंक खाते के साथ उससे जुड़े मोबाइल नंबर और सिम की भी पड़ताल की जाती है. **-राजेश त्रिपाठी**, डीसीपी क्राइम

# नए डीन ने संभाला रीवा मेडिकल कॉलेज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 सितम्बर. श्यामशाह मेडिकल कालेज में नए डीन डा. शशिधर गर्ग ने पदभार सम्भालने के साथ रविवार को अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण किया. साथ ही कर्मचारियों और डाक्टरों को हिदायत दी कि काम में लापरवाही नही चलेगी.**



**डा. इंदूलकर को चार्ज देकर गए अवकाश पर**

दूसरे दिन सोमवार को अपना चार्ज देकर अवकाश पर चले गये.गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लगातार विरोध चल रहा है. जच्चा-बच्चा की मौत के बाद डीन और अधीक्षक पर गाज गिरी. रविवार की दोपहर नये डीन की पदस्थापना हुई और शाम को आनन-फानन पदभार ग्रहण करने के साथ संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण भी किया. डॉ मनोज इंदूलकर को डॉ शशिधर गर्ग चार्ज देकर अवकाश पर चले गए हैं. वह माता पिता का इलाज कराने जाने वाले थे. वह पहले से ही अवकाश स्वीकृत करा चुके थे.

**आस्था** | भगवान महाकाल के एक साथ छह विभिन्न स्वरूपों चंद्रमोलेश्वर, मनमहेश आदि के अलौकिक दर्शन हुए

# महाकाल की राजसी सवारी धूमधाम से निकली

**उज्जैन, 7 सितंबर. श्रावण-भादौ मास की छठी और अंतिम राजसी (शाही) सवारी अत्यंत धूमधाम और भव्यता के साथ निकाली गई. राजाधिराज भगवान महाकाल के एक साथ छह विभिन्न स्वरूपों चंद्रमोलेश्वर, मनमहेश आदि के अलौकिक दर्शन हुए.**



पालकी श्री महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर पारंपरिक मार्गों से होते हुए शिप्रा नदी के रामघाट पहुँची, जहाँ बाबा का विधि-विधान से जलाभिषेक और पूजन हुआ. सवारी में 70 से अधिक भजन मंडलियाँ, महाकाल मंदिर का बैंड ,पारंपरिक नर्तक और पुलिस बैंड शामिल हुए, जिससे पूरा उज्जैन 'जय महाकाल' के जयघोष से गूँज उठा.

### सवारी के प्रमुख आकर्षण

- सिंहस्थ महाकुंभ की थीम पर आधारित राजसी सवारी का आयोजन. सवारी मार्ग पर 1 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में विशाल रंगोली का निर्माण.
- संगम ईशा फाउंडेशन एवं नादयोग द्वारा भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई. सवारी मार्ग पर लाइव चित्रकला के माध्यम से आकर्षक एवं भव्य दृश्य प्रस्तुति दी.
- पांच बड़े बैंड समूहों की सहभागिता, जिसमें प्रत्येक दल में 250 से अधिक सदस्य शामिल हुए 15 ड्रोन के माध्यम से भव्य पुष्पवर्षा, जिसमें रामघाट एवं शहनाई द्वार सहित सवारी मार्ग पर 500 किलोग्राम से अधिक पुष्पों की वर्षा की गई. युवा दल द्वारा सवारी मार्ग पर विशेष सांस्कृतिक एवं युवा-केंद्रित प्रस्तुतियां दी गई.

# अंधविश्वास : सांप से ज्यादा जहरीली तांत्रिक की नीयत !

- बेटे की जान का डर दिखाकर 31 हजार ठगे
- बाबा बताकर पूजा के नाम पर कराए ऑनलाइन ट्रांसफर

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 7 सितंबर. खजराना क्षेत्र में खुद को दरगाह का बाबा बताने वाले ठग ने परिवार की जानकारी हासिल करने के बाद महिला के छोटे बेटे को सांप के काटने का डर दिखाकर 31 हजार ठग लिए.**

आरोपी ने पहले पूजा के लिए 6 हजार और बाद में 25 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए. दोबारा रकम मांगने पर महिला को संदेह हुआ और उसने भुगतान से इनकार कर दिया. जकरिया कॉलोनी निवासी फिरदौस शाह की शिकायत पर खजराना पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. घटना 17 अगस्त की है. फिरदौस की सास साजिदा रऊफ के मोबाइल पर आए फोन में आरोपी ने परिवार में कितने बेटे हैं, इसकी जानकारी ली. तीन बेटे होने की बात पता चलने के बाद उसने छोटे बेटे को लेकर डराना शुरू कर दिया.